हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 पक्के पीएम आवास ने बदली जिंदगी



12 पर्यावरण दिवस, मोदी सरकार के 12 वर्ष और योग दिवस की ...









## खबर संक्षेप

### लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा 1 जून से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला , माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी। तैयारी में ध्रुवलाल निषाद, वेदराम निषाद, देवनारायण निषाद जुटे हैं।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**धमतरी।** घर की छत पर चढ़ा युवक अचानक नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब के पास रहने वाले अनिल पटेल पिता रामनाथ उम्र 34 वर्ष शराब पीने का आदी था। युवक शुक्रवार की सुबह अपने घर की छत पर चढ़ा था। तभी वह अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उसके बाद परिजन युवक को घर ले गए। रात्रि में युवक को उपचार के लिए रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में देमार के पास युवक की मौत हो गई। परिजन युवक को वापस घर ले आए और कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घर पहुंचकर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम किया। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

समितियों के माध्यम से हो रही 67 प्रकार की लघु वनोपज की खरीदी

# समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदी को रिस्पांस नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वह दिन अब लद गए जब वनवासियों को नमक के बदले अपनी वनोपज को व्यापारियों को देना पड़ता था। केंद्र सरकार 67 प्रकार की लघु वनोपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर समितियों के माध्यम से खरीदी करती है। वर्तमान स्थिति यह है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदी को रिस्पांस नहीं मिल रहा है। वनवासी व्यापारियों को ही नगद में और समर्थन मूल्य से ज्यादा दाम में वनोपज बेच रहे हैं।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में लघु वनोजप का संग्रहण समितिवार किया गया है। वनधन केंद्र केरेगांव अंतर्गत अछोटा समिति में एक संग्राहक ने कच्चा आंवला फल का संग्रहण 1.15 क्विंटल बेचा है। उसे 28 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीदी गया है। छुही समिति में एक संग्राहक ने बहेड़ा कचरिया 1.23 क्विंटल विक्रय किया है जिसे 20 रुपये किलो के भाव से खरीदा गया है। वनधन दुगली अंतर्गत डोकाल के एक संग्राहक ने कच्चा आंवला फल 1.39 क्विंटल विक्रय किया। दुगली के 32 संग्राहकों ने 98.98 क्विंटल तिखुर कंद का विक्रय किया है जिसकी कीमत 17 रुपए किलो के भाव से 1 लाख 68 हजार 300 रुपये है। जबर्रा के दो संग्राहकों ने 1.21 क्विंटल महुआ कच्चाफूल 10 रुपये किलो के भाव से विक्रय किया है। जबर्रा के पांच संग्राहकों ने 1 लाख 8 हजार 800 रुपए का 1.67 क्विंटल सफेद मूसली कंद तथा दस संग्राहकों ने 27.21 क्विंटल तिखुर कंद का विक्रय किया है।

वनधन बिरगुड़ी में गेदरा के पांच संग्राहकों ने 3.21 क्विंटल कच्चा आंवला फल तथा गट्टासिल्ली के तीन संग्राहकों ने 4.86 क्विंटल तिखुर कंद का ⏩ शेष पेज 11 पर



### सबसे महंगा सफेद मूसली कंद

लघु वनोपज के समर्थन मूल्य में सबसे महंगा वनोपज सफेद मूसली कंद का है जिसकी कीमत 65 हजार रुपए क्विंटल है। वहीं अश्वगंधा जड़ सूखा की कीमत 30 हजार रुपए प्रति क्विंटल है। कुसमी लाख सूखा का दाम 30 हजार रुपये, रंगीनी लाख 22 हजार रुपये, रंगीनी लाख जीवित लाख कीट के साथ 27 हजार 500 रुपए, मालकंगनी, बाय बिडिंग का भाव प्रति क्विंटल 10 हजार रुपए समर्थन मूल्य है।

### समर्थन मूल्य से ज्यादा भाव मिल रहा

जबर्रा के सोहन मंडावी, राजू गोंड बताते हैं कि समितियों के माध्यम से लघु वनोपज की खरीदी होती है। अधिकांश लघु वनोपज को व्यापारी बाजार में हाथोंहाथ खरीद लेते हैं वह भी समर्थन मूल्य से ज्यादा भाव में। उन्होंने बताया कि समिति में कच्चा महुआ फूल को 10 रुपए किलो में खरीदते हैं लेकिन महुआ फूल को सुखाकर बेचने पर व्यापारी 40 रुपए किलो में खरीद लेते हैं वह भी नकद में जबकि समितियों में बेचने पर उन्हें पैसे के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

# सड़क के लिए पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- जिले को मिलेंगे नए बाईपास मार्ग

शहर में सड़क चौड़ीकरण और यातायात सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू हो गया है। शनिवार को मिशन ग्राउंड के पास सड़क किनारे लगे बड़े पेड़ों की कटाई की गई। यह कार्य मुजगहन रोड और सिहावा रोड को फोरलेन बनाने की योजना के तहत किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मुजगहन रोड पर 587 और सिहावा रोड पर 760 पेड़ों को हटाया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के साथ कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्यों की तैयारी भी चल रही है। परियोजना पूरी होने के बाद शहर में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुरक्षित होने की उम्मीद है।

धमतरी में केवल सड़क चौड़ीकरण ही ⏩ शेष पेज 11 पर



### शहर के विकास को मिलेगी गति : रोहरा



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए हटाए जा रहे पेड़ों के बदले अन्य स्थानों पर पौधरोपण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेहतर सड़क नेटवर्क और बाईपास मार्गों के निर्माण से ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी तथा शहर के विकास को गति मिलेगी।

# गांव में भटक रही मानसिक रूप से बीमार महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानसिक बीमारी के कारण घर से बाहर दो-तीन दिन से भटक रही महिला को पुलिस ने उसके परिजनों तक सकुशल पहुंचाकर मानवीय पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया है।

जिले में आमजनों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में पुलिस द्वारा प्रभावी पेट्रोलिंग एवं जनसेवा संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में अर्जुनी पुलिस नियमित पेट्रोलिंग पर निकली थी। पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम अमेठी क्षेत्र में एक महिला संदिग्ध अवस्था में भटकते हुए मिली। पेट्रोलिंग कर रहे एएसआई रामसिंह साहू और संजय ठाकुर ने महिला से पूछताछ की। इस दौरान महिला ने अपना नाम दशोदा बाई नेताम पति खिलावन नेताम ग्राम टेकापाल जिला बालोद निवासी बताया। पूछताछ में पता चला कि महिला तीन दिनों से भटक रही है। काफी समझाइश व पूछताछ के बाद महिला ने अपने भाई प्रेमकुमार नेताम के ग्राम पलारी में निवासरत होने की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल संपर्क स्थापित कर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर भाई प्रेमकुमार नेताम व भतीजा थाना पहुंचा। पहचान एवं आवश्यक सत्यापन के बाद महिला को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने महिला को परिवार से मिलाने पर अर्जुनी पुलिस एवं एएसआई रामसिंह साहू व आरक्षक संजय ठाकुर का आभार व्यक्त किया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों की हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए हैं।



मानवीय पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया

# कुछ पेट्रोल पंपों पर 'फ्यूल उपलब्ध नहीं' की तख्ती, सप्लाई में देरी से बढ़ी परेशानी

- प्रशासन बोला : पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर और आसपास के क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण ईंधन उपलब्ध नहीं की तख्तियां लगाई गई हैं। रत्नाबांधा रोड और कुछ ग्रामीण मार्गों पर स्थित पंपों पर यह स्थिति देखने को मिल रही है, जिससे वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह बाधित नहीं है, लेकिन कुछ पंपों पर सप्लाई समय पर नहीं पहुंचने से स्टॉक खत्म हो रहा है। इससे सीमित समय के लिए पंप बंद करने की स्थिति बन रही है। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सामान्य रूप से ईंधन वितरण जारी है।



### लोगों को अफवाहों से बचने की अपील

ईंधन आपूर्ति को लेकर बनी अस्थायी स्थिति के बीच प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकांश पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हैं और जल्द ही सप्लाई व्यवस्था और अधिक सुचारु होने की संभावना जताई जा रही है।

### मांग के अनुसार नहीं मिल रही डिलीवरी

पंप संचालकों के अनुसार सप्लाई में देरी और कम मात्रा में ईंधन मिलने से समस्या उत्पन्न हो रही है। जहां अधिक टैंकरों की मांग होती है, वहां कम सप्लाई आने से स्टॉक जल्द समाप्त हो जाता है। ट्रांसपोर्ट पर निर्भर पंपों में डिलीवरी 2 से 4 दिन तक देरी से पहुंच रही है।

### कालाबाजारी की आशंका, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी

कुछ स्थानों पर ईंधन की अस्थायी कमी को देखते हुए कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी प्रकार की गंभीर किल्लत नहीं है और सप्लाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आवश्यक सेवाओं के लिए पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बांसपारा वार्ड की घटना, डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

# पत्नी ने लगाई फांसी, दुखी पति ने भी खुदकुशी का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पत्नी द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने से पति सदमे में आकर फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था जिसे परिजन व आसपास के लोगों ने बचा लिया।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी दुर्गा यादव पति पुरुषोत्तम उम्र 21 वर्ष की लगभग डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। उसका मायका ग्राम पाहंदा कुम्हारी जिला दुर्ग है। शनिवार की सुबह नवविवाहिता अचानक कमरे के भीतर गई और दरवाजा भीतर से बंद कर फांसी लगा ली। बाइक लाने गया पति जब घर लौटा तो दरवाजा बंद देख आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं मिलने पर पति खिड़की से कमरे में देखा। उसकी नवविवाहिता पत्नी फंदे पर लटक रही थी। पति दरवाजा को जोरदार धक्का देकर अंदर घुसा और जीवित होने की आशंका के चलते नवविवाहिता को फंदे से नीचे उतार उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। डाक्टर ने नवविवाहिता को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनकर पति सदमे में आ गया और अस्पताल से सीधे घर बांसपारा पहुंच उसी कमरे में अपने आपको बंद कर उसी फंदे में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था जिसे आसपास के लोगों ने फंदे से उतारकर वरदान एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आईसीयू वार्ड में भर्ती कर युवक का उपचार किया जा रहा है। लोगों की तत्परता से युवक की फिलहाल जान बच गई है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

मृतिका के नवविवाहिता होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार द्वारा शव निरीक्षण व पंचनामा की कार्रवाई की गई। चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।





### घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे पुलिस अधिकारी

नवविवाहिता की आत्महत्या व पति द्वारा खुदकुशी का प्रयास किए जाने की घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, कोतवाली टीआई राजेश जगत जिला अस्पताल पहुंचे और पुरूषोत्तम से मुलाकात कर उसकी स्थिति देखी, वहीं नवविवाहिता की आत्महत्या के संबंध में परिजनों से जानकारी ली।

सीएसपी ने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिली कि बांसपारा की दुर्गा यादव ने फांसी लगा ली है। उसे अस्पताल में मृत घोषित किए जाने के बाद पति पुरुषोत्तम यादव ने फांसी लगाने का प्रयास किया, जिसे बचा लिया गया है। पूछताछ में बताया कि महिला को पेटदर्द व पथरी की समस्या थी। उपचार कराने शनिवार को मीरादतार जाने वाले थे। मृतिका की सास बस से जाने वाली थी। वहीं पति पत्नी बाइक से जाने वाले थे। जिसके लिए पति अपने मौसा के घर रखी अपनी बाइक को लाने गया था। उसके आने से पहले महिला ने फांसी लगा ली। मामले की जांच की जाएगी।

# टाइगर रिजर्व के गांवों में 1325 छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन

- 35 महिलाओं को पीरियड सखी के रूप में प्रशिक्षित किया गया
- अर्थ ब्रिगेड और आस्था वेलनेस का मिलेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन एवं आस्था वेलनेस एनजीओ के सहयोग से 1325 छात्राओं को एक साल मुफ्त में सैनिटरी नैपकीन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल शुरु की है। इससे दूरस्थ वन ग्रामों में निवासरत स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरुकता को बढ़ावा मिलेगा। इसमें खोज एवं जनजागृति एनजीओ द्वारा ग्राउंड वर्क करने में मदद की जा रही है।

यह कार्यक्रम धमतरी एवं गरियाबंद जिलों के वनक्षेत्र में स्थित ग्राम अमाड़, भूतबेड़ा, जांगड़ा, कुल्हाड़ी घाट, भालू डिग्गी, कोयबा, साहेबिन, रिसगांव, करही, ठेनही तथा आसपास के गांवों में संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म, स्वास्थ्य प्रबंधन को बेहतर बनाना, विद्यालय छोड़ने की दर को कम करना तथा वनक्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को गरिमा एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।

टाइगर रिजर्व ⏩ शेष पेज 11 पर



### सैनटरी पैड बायो डीग्रेडेबल होगी

वितरित किए जाने वाली सैनटरी नैपकीन पैड पूर्णतः बायो डीग्रेडेबल जैव अवक्रमणीय प्लास्टिक मुक्त एवं हानिकारक रसायनों से रहित होगी। महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ यह संवेदनशील वन पारिस्थितिकी तंत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

**खबर संक्षेप**

### 130 किशोरियों को बांटे गए सेनेटरी पैड



**बस्तर।** खुशहाल बचपन परियोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्राम कावड़गांव में आठ पंचायतों की किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता, बाल विवाह, माहवारी, शारीरिक बदलाव और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संबंधी जानकारी दी गई। किशोरियों और महिलाओं के लिए रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। किशोरियों ने माहवारी, शारीरिक बदलाव और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर ड्राइंग और नोट्स भी बनाए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को पानी की बोतल वितरित की गई। 130 किशोरियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। खुशहाल बचपन परियोजना की ओर से सामग्री वितरण के लिए आर्थिक सहायता दी गई। शिविर में पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया गया।

### जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 195 आवेदन



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कुआकोंडा के ग्राम जबेली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। शिविर में कुल 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। शिविर में आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

**निधन**

### शारदादास मानिकपुरी



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली निवासी शारदादास मानिकपुरी उम्र 71 वर्ष का निधन 28 मई को हो गया। वह सरल स्वभाव व मानस मर्मज्ञ थे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ मानस संगठन के धमतरी जिलाध्यक्ष के पद पर पदस्थ थे। वे सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापिका मीना मानिकपुरी के पति और युवा कांग्रेस नेता नितेश मानिकपुरी के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए। अंतिम संस्कार गृहग्राम भठेली में हुआ।

### श्यामबाई साहू



**सिर्री।** ग्राम भैंसमुण्डी (नारी) निवासी श्याम बाई साहू का 27 मई की रात्रि निधन हो गया। वे भोलाराम, गिरवर, ओमप्रकाश, गैंदलाल साहू की माता व रिंकू, दीपक, दिलीप, अजय, राहुल साहू की दादी थीं। अंतिम संस्कार 28 मई गुरुवार को गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

# धमतरी जिला पुलिस बल का गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान

**एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर थाना स्तर पर लगातार हो रही बैठकें**

- बाहरी संदिग्धों पर निगरानी और साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में जिले की पुलिस ने जनसहभागिता आधारित सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम कोटवारों, ग्राम पटेलों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

#### सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर

बैठकों में सरपंचों एवं कोटवारों को गांवों में सतर्कता बढ़ाने, मंदिर परिसरों में निगरानी रखने, किराएदारों एवं तंबू-डेरा की जानकारी अपडेट रखने तथा रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया है।



#### एपीके फाइल से सावधान रहने की सलाह दी

धमतरी पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, अनजान लिंक और एपीके फाइल से सावधान रहने की सलाह दी है। नशा मुक्ति अभियान और यातायात नियमों के पालन को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने जैसी खतरनाक प्रवृत्ति से बचने की अपील भी की गई है।

इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं निगरानी को सख्त करना तथा अपराधों पर रोक लगाना है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति, फेरीवाले या अनजान व्यक्ति की पूरी जानकारी अनिवार्य रूप से मुसाफिरी रजिस्टर में दर्ज करें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

पुलिस का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और जनसहभागिता को और अधिक मजबूत किया जा सके।

### सिलौटी में निःशुल्क शैक्षिक शिविर का समापन

# एसडीएम ने बच्चों को दिए सफलता के मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए 1 मई से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिलौटी में आयोजित किए जा रहे निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस 29 दिवसीय शिविर का समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद के अनुविभागीय अधिकारी नभसिंह कोसले द्वारा छात्र-छात्राओं को सफलता के मूलमंत्र देकर किया गया।

छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए एसडीएम कोसले ने कहा कि पूरी एकाग्रता और मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि जीवन में एक सफल और अच्छा इंसान बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आगे चलकर आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, जज, सैनिक और पायलट के रूप में सामने आएं और समाज व देश की सेवा करें। उन्होंने बच्चों को स्कूली दायरे से बाहर निकलने की सलाह देते हुए कहा कि उच्च स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न शिविरों, ओलम्पियाड और मॉडल प्रदर्शनियों में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे उन्हें अभी से प्रतियोगी माहौल का अनुभव हो सके।



#### 80 छात्र और 5 स्वयंसेवी शिक्षक हुए सम्मानित

शिविर की सफलता में अमूल्य योगदान देने वाले 5 स्वयंसेवी शिक्षकों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में पूरे महीने कड़ी मेहनत करने वाले सभी 80 छात्र-छात्राओं को भी पेन भेंटकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

इस अवसर पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, तहसील अध्यक्ष कामताराम साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संरक्षक दयालुराम साहू, प्राचार्य एमके ठाकुर, एफके गजपाल, सरपंच अनिल राव शिंदे और दुलार सिन्हा उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारी गिरधारी साहू (शिक्षक), अध्यक्ष चोवाराम साहू, छत्रसेन साहू, भोलाराम साहू, मोतीलाल साहू, श्यामू साहू, सविता गंजीर, गायत्री साहू, ओम साहू, लिकेश साहू, दानीराम, सुदर्शन, डोमन, माखन, नरेन्द्र, हरबन साहू का योगदान रहा।

#### बताए सफलता के सीक्रेट्स

संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने करियर निर्माण को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका एसडीएम ने बेहद सरल ढंग से जवाब दिया। **गलतियों से सीखें :** सफलता के लिए एक निश्चित उद्देश्य रखें और छोटे-छोटे कदमों (स्टेप्स) के माध्यम से आगे बढ़ें। अपनी गलतियों से कभी निराश न हों, बल्कि उनसे सीखें। **ग्रुप स्टडी :** विद्यार्थियों को समूह में बैठकर अध्ययन करने की आदत डालनी चाहिए। **सिविल सर्विसेज :** इसके लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 9 विषयों की बेसिक जानकारी और नींव मजबूत होना बेहद जरूरी है। **डॉक्टर :** नीट परीक्षा के पैटर्न को समझाते हुए उन्होंने बताया कि इसमें कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम से 60 प्रतिशत और 11वीं के पाठ्यक्रम से 40 प्रतिशत प्रश्न पूछे जाते हैं। **डिफेंस :** उन्होंने एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) परीक्षा पास कर एयरफोर्स और सेना में जाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

## श्री गोवर्धननाथ हवेली में आज दो दिव्य मनोरथ का आयोजन

- कलकत्ता के कारीगरों ने तैयार किया भव्य फूलों का बंगला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर ट्रस्ट धमतरी के तत्वावधान में आज रविवार को शाम 6 से 8 बजे श्री हवेली में दो दिव्य एवं भव्य मनोरथों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण का अनुभव होगा।

प्रथम मनोरथ फूलों का सघन वन होगा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणिदेवी गोपालदास अग्रवाल परिवार हैं। इस मनोरथ की विशेषता यह है कि भगवान श्री गोवर्धननाथ जी के लिए आकर्षक फूलों का बंगला तैयार किया गया है। इसके निर्माण हेतु विशेष रूप से कलकत्ता से कुशल कारीगरों को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों से मनोहारी सज्जा की है। यह भव्य पुष्प बंगला श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।



वहीं द्वितीय मनोरथ महारास (रास गरबा) का आयोजन किया जाएगा, जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी हैं। इस दौरान भक्तजन भक्ति एवं उल्लास के साथ महारास का आनंद लेंगे।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तरुण अंबानी एवं सचिव कीर्ति शाह ने बताया कि दोनों मनोरथ अत्यंत दिव्य, भव्य एवं अलौकिक होंगे। उन्होंने वैष्णव समाज एवं श्रद्धालुओं से भगवान श्री गोवर्धननाथजी का दर्शन लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## देवेंद्र बने साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



तहसील साहू संघ कुरूद के युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। तहसील साहू संघ कुरूद के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं पदाधिकारियों की अनुशंसा और सहमति से युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग साहू ने समाज के सक्रिय, ऊर्जावान और निष्ठावान युवाओं को टीम में शामिल करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मौरीखुर्द के देवेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया है। उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर देवेन्द्र ने तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग साहू समेत समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती व उत्थान के लिए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। देवेन्द्र के उपाध्यक्ष बनने पर साहू समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं ने हर्ष जताया है।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों का शिक्षा विभाग में विलय करने की मांग

- प्रतिनिधिमंडल ने सांसद कमलेश जांगड़े से की मुलाकात, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार के नेतृत्व में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भेंटकर व्यावसायिक शिक्षकों और प्रशिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं तथा उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने पिछले 10 वर्षों से व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षकों की सेवाओं, वर्तमान परिस्थितियों और शिक्षा व्यवस्था में उनके योगदान को प्रमुखता से रखा।



बैठक के दौरान संघ ने व्यावसायिक प्रशिक्षकों को शिक्षा विभाग में मर्ज (विलय) करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधियों ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन लंबे समय से कार्यरत प्रशिक्षकों के भविष्य को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में उनका शिक्षा विभाग में समायोजन समय की आवश्यकता है।

सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने प्रशिक्षकों की मांगों को न्यायोचित बताया और इस संबंध में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षकों को शिक्षा विभाग में समाहित किए जाने के समर्थन में संघ को अनुशंसा पत्र भी प्रदान किया।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार ने कहा कि व्यावसायिक प्रशिक्षक पिछले एक दशक से विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सांसद से हुई चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही है।

# राजपुर क्लस्टर समाधान शिविर में 603 आवेदनों का त्वरित निराकरण

- शिविर में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड के ग्राम पंचायत राजपुर में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजपुर, झाझरकेरा, बिरझुली, भेण्ड्री, पेंड्री, सरगी, डाभा, करेली छोटी, छिपली, मोहंदी, बेलोरा एवं सोनपरी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शिविर में कुल 872 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 869 मांग संबंधी एवं 3 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल थे। प्राप्त आवेदनों में से 601 मांग एवं 2 शिकायत सहित कुल 603 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।





#### शासन और जनता के बीच विश्वास बढ़ा : वीरेन्द्र

इस अवसर पर जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश सरकार की जनहितैषी सोच का परिणाम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास और संवाद मजबूत हुआ है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना है।

#### स्टॉल लगाकर दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जनपद पंचायत द्वारा 5 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 दिव्यांग हितग्राही को ट्राइसाइकिल तथा श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान किए गए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 65 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सिकल सेल, बीपी, शुगर एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। शिविर में 15 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए तथा 5 लोगों के आधार अपडेट एवं 2 नवीन आधार कार्ड तैयार किए गए।

मौके पर कृष्ण कुमार ध्रुव जनपद सभापति, विजय यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष मगरलोड, लोमश सिन्हा, राजेश साहू, मुरली सिन्हा, जनपद पंचायत मगरलोड की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर, पंचायत इंस्पेक्टर दीपक भीमगज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार उनकी समस्याओं के समाधान हेतु गांव स्तर पर इस प्रकार का प्रभावी शिविर आयोजित किया गया है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में यह शिविर एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : 1 जून को मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया और जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जाएगी।

**प्रांतीय शिशु वाटिका आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में 25 जिलों से 142 प्रशिक्षार्थियों ने लिया भाग**

# प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव : विवेक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद में 14 से 30 मई तक आयोजित प्रांतीय शिशु वाटिका आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ओम् एवं भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थी दीदियों ने सामूहिक व्यायाम, योग, समता, योगचाप, खेल, निःयुद्ध एवं सामूहिक गीतों की प्रस्तुति दी। वर्ग प्रमुख रामकुमार वर्मा ने वर्ग वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के 25 जिलों से 142 प्रशिक्षार्थियों, 12 शिक्षिकाओं तथा दो वर्ग प्रमुखों ने सहभागिता की।



मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष मध्य क्षेत्र विवेक शिंदे ने अपने उद्बोधन में शिशु वाटिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिशु कक्षाओं के अध्यापन में आवश्यक 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सिंधु बैस ने भीषण गर्मी के बीच प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षार्थियों की सराहना करते हुए हर्ष जताया। समारोह में प्रादेशिक सचिव लक्ष्मण राव मगर, एलपी गोस्वामी, डॉ. देवनारायण साहू, देवनाथ सोनी, तिलोकचंद जैन, नेमीचंद बैस, रामायणलाल साहू, नरेश यादव, पोखन साहू, दीनबंधु सिन्हा, सुनील यदु, रामजी साहू एवं तुलाराम यादव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर, शिशु वाटिका प्रमुख रेखा तिवारी सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे। वेदनाथ चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति केन्द्र से 112 लोगों को मिली नई जिंदगी

**बीजापुर।** जिला में समाज कल्याण विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से नशामुक्ति, योग, दिव्यांग पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। गुण्डाधुर सेवा संस्थान समिति द्वारा 12 दिसम्बर 2024 से जिले में नशामुक्ति केन्द्र संचालित किया जा रहा है। केन्द्र में नशे की लत से ग्रसित लोगों का उपचार अनुभवी डॉक्टरों और काउंसलर्स की देखरेख में किया जा रहा है। यहां योग, ध्यान, थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श और मेडिकल उपचार के माध्यम से पीड़ितों के व्यवहार एवं जीवनशैली में सुधार लाया जा रहा है। अब तक कुल 112 हितग्राहियों को नशे से मुक्त कराया जा चुका है। योग जनजागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का मजबूत आधार बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में लगातार योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर विभिन्न ग्राम पंचायतों, आश्रम-शालाओं और छात्रावासों में योग प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदी को ...

विक्रय किया है। वनधन बोराई के अंतर्गत ग्राम रतावा के चार संग्राहकों ने 3.77 क्विंटल हर्रा कचरिया 25 रुपए समर्थन मूल्य के भाव से विक्रय किया है। विभाग ने बताया कि जिले के 64 संग्राहकों ने 144.68 क्विंटल विभिन्न लघु वनोपज की बिक्री समिति में की है। समर्थन मूल्य पर 3 लाख 60 हजार 500 रुपए की खरीदी समिति द्वारा की गई है।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ों की कटाई ...

नहीं, बल्कि नए बाईपास मार्गों का निर्माण भी प्रस्तावित है। रेलवे स्टेशन के पास मेहताब सिंह गैरेज से अटल चौक होते हुए संबलपुर तक लगभग साढ़े छह किलोमीटर लंबी बाईपास सड़क का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। वहीं छाती से देवपुर तक नौ किलोमीटर लंबे बाईपास मार्ग का टेंडर जारी हो चुका है। लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्र के आवागमन को नई सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा छाती से नहर रोड कोलियारी तक भी बाईपास निर्माण की योजना है।

### टाइगर रिजर्व के गांवों में 1325 छात्राओं को ...

से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए 28-29 मई को मैनपुर में दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 35 महिलाओं ने भाग लिया। चयनित महिला प्रतिनिधि तथा सामुदायिक कार्यकर्ताओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य चैम्पियन तथा पीरियड सखी के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित कार्यकर्ता आगे चलकर गांव एवं विद्यालयों में जागरुकता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी गतिविधियों का संचालन करेंगी।

# धमतरी नगरवासियों को जल्द मिलेगी बेहतर पेयजल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। वर्ष 2019 में शुरू हुई यह महत्वाकांक्षी परियोजना विभिन्न कारणों से देरी का शिकार रही, लेकिन अब निर्माण कार्य में तेजी देखी जा रही है। प्लांट का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है और मशीनों की स्थापना लगभग पूरी हो चुकी है। अब केवल कुछ फिनिशिंग कार्य शेष हैं, जिन्हें जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

नए प्लांट को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ट्रांसफार्मर स्थापना और विद्युत आपूर्ति का कार्य भी प्रगति पर है। संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार जैसे ही बिजली कनेक्शन और पैनल का कार्य पूर्ण होगा, प्लांट की टेस्टिंग शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद इसे पूरी क्षमता के साथ चालू किया जाएगा। इसके अलावा शहर में पहले 9 ओवरहेड टैंक थे, जो अब बढ़कर 12 हो चुके हैं। पाइपलाइन नेटवर्क भी 34 किलोमीटर से बढ़कर 84 किलोमीटर तक विस्तारित किया गया है, जिससे जल वितरण व्यवस्था अधिक मजबूत हुई है।

## नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अंतिम चरण पर

### बढ़ेगी जल आपूर्ति क्षमता

नगर निगम का यह नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट चालू होने के बाद शहर की पेयजल आपूर्ति क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। वर्तमान में दानीटोला स्थित पुराने प्लांट से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी शुद्ध कर सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन गर्मी के मौसम में कई बार दबाव बढ़ने से आपूर्ति प्रभावित होती है। नया प्लांट शुरू होने से इस समस्या में काफी कमी आने की संभावना है।



### आने वाले वर्षों के लिए मजबूत व्यवस्था

इस परियोजना का उद्देश्य केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करना नहीं है, बल्कि अगले 15 से 20 वर्षों तक की जल मांग को ध्यान में रखते हुए तैयारी करना है। वर्तमान में नगर में लगभग 21 हजार नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, और नए प्लांट के शुरू होने के बाद लगभग 10 हजार और कनेक्शन देने की क्षमता बढ़ जाएगी।

### जल्द पूरा होगा काम : महापौर



महापौर रामू रोहरा ने जानकारी दी है कि प्लांट में अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के सहयोग से ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है। मई माह तक प्लांट को पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से श्रीमती लुतन का सपना हुआ साकार

# पक्के पीएम आवास ने बदली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पहले



अब

गरीब और जरुरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण आज ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन रही है। यह योजना केवल मकान निर्माण तक सीमित नहीं है यह लाखों परिवारों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय जोड़ रही है। जिला धमतरी के विकासखंड मगरलोड अंतर्गत ग्राम पंचायत भेंड़री की निवासी श्रीमती लुतन पति सोनऊराम प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के माध्यम से प्राप्त पक्के आवास ने उनके जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल दी है।ग्राम पंचायत भेंडरी में रहने वाली श्रीमती लुतन का परिवार लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था। परिवार की सीमित आय और संसाधनों के कारण वे वर्षों तक एक कच्चे एवं जर्जर मकान में रहने को विवश थे। उनका पुराना घर मिट्टी और कमजोर सामग्री से बना हुआ था जो मौसम की मार को सहने में सक्षम नहीं था। विशेषकर बरसात के दिनों में उनकी परेशानियां और अधिक बढ़ जाती थी। घर की छत जगह-जगह से टपकती थी जिससे अंदर रखा सामान भीग जाता था और परिवार को रातभर जागकर समय बिताना पड़ता था। कच्चे मकान की दीवारें भी काफी कमजोर थी। तेज बारिश और आंधी के समय घर के गिरने का भय हमेशा बना रहता था। घर के भीतर नमी और असुरक्षित वातावरण के कारण परिवार के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी क्योंकि बरसात के दौरान घर में बैठने और पढ़ने तक के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं रहता था। गर्मी के मौसम में मिट्टी का घर अत्यधिक गर्म हो जाता था जबकि सर्दियों में ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं थे। इस प्रकार जीवन की बुनियादी जरुरत एक सुरक्षित घर का अभाव उनके परिवार के लिए निरंतर चिंता और संघर्ष का कारण बना हुआ था। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद श्रीमती लुतन और उनके परिवार ने कभी हार नहीं मानी। सीमित साधनों में भी उन्होंने अपने परिवार के बेहतर भविष्य का सपना संजोए रखा।

इसी दौरान उन्हें ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी प्राप्त हुई। पंचायत स्तर पर योजना के संबंध में दी गई जानकारी और जनजागरुकता गतिविधियों ने उनके भीतर आशा की नई किरण जगायी। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। योजना के तहत निर्धारित पात्रता प्रक्रिया और जांच के बाद श्रीमती लुतन का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए किया गया। वर्ष 2025-26 में उन्हें पक्के आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई। यह स्वीकृति उनके परिवार के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं थी। वर्षों से एक सुरक्षित घर का सपना देखने वाला यह परिवार अब अपने सपनों को साकार होते हुए देख रहा था। आवास स्वीकृत होने के बाद श्रीमती लुतन ने शासन से प्राप्त सहायता राशि का पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ उपयोग किया। उन्होंने निर्माण कार्य को गंभीरता से लिया और लगातार निगरानी करते हुए अपने पक्के मकान का निर्माण कराया। परिवार के सदस्यों ने भी इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दिया। मेहनत, धैर्य और लगन के परिणामस्वरुप उनका नया आवास तैयार हुआ। आज श्रीमती लुतन का पक्का मकान केवल ईंट, सीमेंट और छत से बना एक भवन नहीं है यह उनके संघर्ष, उम्मीद और आत्मसम्मान का प्रतीक बन चुका है। मजबूत दीवारों और सुरक्षित छत वाले इस घर ने परिवार को भय और असुरक्षा के वातावरण से मुक्त कर दिया है। अब बरसात के दिनों में उन्हें घर टपकने या दीवार गिरने की चिंता नहीं सताती। उनके घर का निर्माण गांव के अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बना है। ग्राम पंचायत भेंडरी के अनेक ग्रामीण श्रीमती लुतन के आवास को देखकर योजना के प्रति जागरुक हुए हैं और शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित हुए हैं।

# नगर के विभिन्न संगठनों ने रूपनारायण को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वदेशी जागरण मंच, योगेश फाउंडेशन, एक पहल मॉर्निंग ग्रुप, रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप, बेसी ग्रुप, स्टेडियम मार्निंग ग्रुप के सदस्यों ने योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगेश फाउंडेशन की संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा ने कहा कि श्री सिन्हा ने योग को केवल आसन और प्रणायाम तक सीमित नहीं रखा अपितु उसे हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया। आयोग अध्यक्ष के रूप में उन्होंने योग शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध को एक नई दिशा दी। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा का आकस्मिक निधन सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

एक पहल मॉर्निंग ग्रुप के शत्रुघ्न सिंह सोम, पवन गिरी गोस्वामी, संदीप राव, लखन सिन्हा, पार्षद पिन्टू यादव ने कहा कि स्व. रूपनारायण सिन्हा का स्नेह सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। बेसी ग्रुप के लक्ष्मण ज्ञासी, मुकेश पटेल, अशोक साहू, रोहित सोनी, राजेश यादव, पार्षद हेमन्त बंजारे ने कहा कि उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप की संतोषी निंबाडकर, ऊषा मंडावी, ममता ठाकुर, पिंकी थवाईत, नेहा माधवानी, हर्षा देवानी ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा ने योग के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। स्टेडियम मार्निंग ग्रुप के सीनियर सिटीजन, गणेशराव पवार, झुमुकलाल साहू, अनिल सालुंके, अनिल कुमार, शत्रुघ्न पांडे, अनिल सार्वा, अभिषेक जगताप, डॉ मनोज सोनबेर ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा सहज, सरल हृदय और मिलनसार थे।

# किसानों ने सीखे आधुनिक कृषि के गुर

- तहसील साहू समाज ग्रामीण ने वैज्ञानिक खेती के विभिन्न मॉडल का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



तहसील साहू समाज ग्रामीण के तत्वावधान में उन्नत तकनीकी कृषि एवं कृषि नवाचार अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के किसानों, पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रगतिशील कृषक एवं समाजसेवी अरुण सार्वा ने किया। उन्होंने अपने फार्म में आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न मॉडल का अवलोकन कराया।

अध्ययन भ्रमण के दौरान लगभग 50 से 60 किसान एवं पदाधिकारी खिड़कीटोला स्थित करीब 100 एकड़ में फैले टमाटर फार्म पहुंचे, जहां टमाटर की ग्राफ्टिंग तकनीक, पाली हाउस में पौध तैयार करने की प्रक्रिया तथा हाइब्रिड फलदार पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा अमरूद, मिर्ची, भटा, खीरा और गोभी की उन्नत खेती की पद्धति को भी किसानों ने करीब से समझा। श्री सार्वा ने बताया कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है।

तहसील साहू संघ ग्रामीण अध्यक्ष चिरौंजीलाल साहू ने कहा कि समाज यदि आधुनिक खेती अपनाए तो आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, तहसील सचिव हिरेंद्र साहू, किसान नेता प्रफुल्ल साहू, वरिष्ठ समाजसेवी रामआश्रय साहू तथा आमदी नगर पंचायत साहू संघ अध्यक्ष तेजराम साहू ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर चिरौंजीलाल साहू, गोपाल साहू, उमेश साहू, हिरेंद्र साहू, नंदझरोखा, अलखराम साहू, गणेशप्रसाद साहू, गजानन साहू, प्रदुमन साहू, कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में किसान एवं समाजजन उपस्थित थे।

## तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

इसके बाद दुगली स्थित फार्म में नई फसल की तैयारियों तथा ग्राम सांकरा में विकसित किए जा रहे मखाना खेती परियोजना एवं तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसे आत्मनिर्भर कृषि मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मसानडबरा में आदिवासी परिवारों के लिए विकसित की जा रही आधुनिक कॉलोनी का भी अवलोकन किया।

### माहवारी स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन कर बांटे नि:शुल्क सेनेटरी पैड

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर ग्राम भोथली में कार्यशाला का आयोजन

- गांव के युवा संगठन विगत 5 वर्षों से किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को वितरित कर रहे नि :शुल्क सेनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी ब्लॉक के एक छोटे से गांव भोथली जहां के युवाओं ने गांव के सर्वांगीण विकास का जिम्मा उठाया है। जहां हर क्षेत्र में युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इसी प्रकार विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जतन नवयुवक मंडल लगातार 5 वर्षों से गांव में कार्यशाला और निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री नेहा साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रही। उन्होंने कहा कि आज सब शिक्षित होकर माहवारी के प्रति जागरूक हो रहे है। लेकिन आज के समय में हार्मोन्स का असंतुलन होना समस्या दे रहा है। जिसका मुख्य कारण हमारा दैनिक दिनचर्या और खान पान है। जिसमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है, माहवारी में पुरुषों की सहभागिता को लेकर वक्ता के रूप में शामिल कार्यक्रम अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता ने कहा कि महिलाओं में माहवारी का आना प्राकृतिक क्रिया है इसे ना हीं छुपाए ना ही शर्माएं बल्कि घर के बड़े बुजुर्गों से इस बारे में सलाह मशविरा जरूर करें। गांव की मुखिया सरपंच श्रीमती शिवरात्रि ध्रुव ने कहा कि हमारा पहला गांव होगा जहां के युवा माहवारी जैसे विषय पर कार्यशाला का आयोजन हर साल करता है।

गांव के मितानिनों के साथ किशोरियों द्वारा सर्वे कराया गया जिसे गांव में फैले 70 प्रतिशत शिक्षित महिला और युवतियां आज भी रूढ़िवादी प्रवृत्ति का पालन कर रहे हैं।

कार्यशाला में उद्बोधन के अलावा खेल गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी और निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण अतिथियों द्वारा किया। विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर उनके जीवन से संबंधित सामाजिक एवं क्रांतिकारी गतिविधियों के बारे में गणेश प्रसाद साहू के द्वारा बताया गया एवं उनके देशभक्ति विचारधारा, समाज सुधारक, प्रखर लेखक ,कवि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वीर सावरकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। तथा तालाब एवं जल स्त्रोतों के

संबंध में शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में मितानिन कार्यकर्ता, कामेश्वरी, नीलम, ओमिन, महिला समूह से नमिता, मुकेश्वरी, रितु व युवा संगठन से अर्जुन सिंह, चिराग सनहरा, ओमन, टेमन, किरण, ऐश्वर्या, वेदिका, नेहा, जिज्ञासा, हुलसी,दुर्गेश व गांव की महिलाएं व युवतियां शामिल रही।

# निर्जला एकादशी पर शीतल मठा का वितरण

- ऐश्वर्या और नन्ही शिवान्या की सहभागिता से सेवा कार्य में बढ़ी रौनक



**धमतरी।** निर्जला एकादशी के अवसर पर तपती गर्मी में राहगीरों को शीतलता एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल मठा सेवा का आयोजन किया गया।

उज्जैन (मप्र) निवासी प्रवीण एवं श्रीमती नीता खंडेलवाल की बहू ऐश्वर्या खंडेलवाल ने अपने मायके धमतरी आकर राहगीरों के लिए यह सेवा कार्य किया। ऐश्वर्या, अशोक खंडेलवाल एवं श्रीमती पायल खंडेलवाल की पुत्री हैं।

इस सेवा आयोजन में उनकी छोटी बहन अंजलि खंडेलवाल ने भी सहभागिता निभाई। नन्ही शिवान्या भी पूरे उत्साह और खुशी के साथ आयोजन में सहभागिता करती नजर आई। कभी वह ट्रे में गिलास सजाना पसंद करती, तो कभी बड़े से जग को पकड़कर गिलास में मठा भरने का प्रयास करती।

इस आयोजन में पायल खंडेलवाल, अंजलि खंडेलवाल, वर्षा खंडेलवाल, प्रभा रावत, राज जैन, रीना जैन, सुमन शर्मा, सुलेखा जोशी, प्रिया पंजवानी, पिंकी खंडेलवाल, स्नेहा राठौड़, सरिता दोशी, संतोष साहू, राजा साहू, रिज़वान अली एवं घनश्याम साहू का सहयोग रहा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### टी-20 टूर्नामेंट के प्रचार के लिए विशेष अभियान

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के बढ़ते क्रेज के बीच छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन को लेकर कांकेर में उत्साह का माहौल है। आगामी 3 जून से 14 जून तक रायपुर स्थित शहिद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में आयोजित होने जा रहे इस प्रतिष्ठित टी-20 टूर्नामेंट के प्रचार-प्रसार के लिए कांकेर शहर में विशेष अभियान चलाया गया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीपीएल से संबंधित पोस्टर, बैनर और प्रचार सामग्री के माध्यम से लोगों को टूर्नामेंट की जानकारी दी गई।

### सीएम हेल्पलाइन के लिए प्रशिक्षण 1 जून को होगा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन, सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा शीघ्र ही सीएम हेल्पलाइन प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण तथा मैदानी स्तर पर सुचारू संचालन सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर नामांकित अधिकारियों को 01 जून सोमवार को प्रातः साढ़े 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लाक लेवल कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख अधिकारियों को उपस्थित रहने कहा गया है। ब्लाक स्तर के अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### गाली-गलौज रोकने पहुंचे अधेड़ पर किया



**कांकेर।** रामकृष्णपुर गांव में हो रहे विवाद को शांत कराने की कोशिश एक अधेड़ व्यक्ति को भारी पड़ गई। गाली-गलौज और झगड़े को रोकने पहुंचे 51 वर्षीय व्यक्ति पर तीन लोगों ने मिलकर ऐसा हमला किया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उसका गला दबाया, फिर जमीन पर पटककर लात-मुक्कों से बेरहमी से पीटा। घटना के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही-25 रामकृष्णपुर निवासी 51 वर्षीय विपुल विश्वास पिता कार्तिक विश्वास ने पुलिस को बताया कि 22 मई की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने घर पर थे। इसी दौरान घर के बाहर जाने वाली गली से तेज आवाज में झगड़े और गाली-गलौज की आवाज सुनाई दी। शोर सुनकर वह कृष्णा मण्डल के घर के सामने पहुंचे, जहां विधान मण्डल किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने केवल इतना कहा कि गली में गाली-गलौज न करें और जो भी बात हो, उसे बैठकर शांति से सुलझा लें। उनकी यह बात सुनते ही विधान मण्डल के ससुर सपन राय भड़क उठे और गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने सपन राय को शांत रहने और धीरे बात करने की सलाह दी, तभी विधान मण्डल पीछे से आया और अचानक उनका गला दबाकर जमीन पर पटक दिया। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद विधान मण्डल, उसकी पत्नी कृष्णा मण्डल और सपन राय ने मिलकर हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। इस हमले में उनके चेहरे, निचले होंठ, सीने, कमर और पेट पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी विधान मण्डल, कृष्णा मण्डल और सपन राय के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) एवं 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# कुरूद विकासखंड के कोसमर्रा में जलदूत ऐप 2.60 से जलस्तर मापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के कुरूद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमर्रा में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 28 मई को जलदूत ऐप संस्करण 2.60 के माध्यम से प्री-मानसून जलस्तर मापन एवं डाटा एंट्री का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर की वैज्ञानिक निगरानी कर जल संरक्षण और जल प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना है। जलदूत ऐप के माध्यम से प्रतिवर्ष प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून अवधि में जलस्तर का सर्वेक्षण किया जाता है, जिससे भूजल की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन संभव हो पाता है।

सर्वेक्षण के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ग्राम पंचायत कोसमर्रा में चिन्हित जल स्रोतों के अंतर्गत विभिन्न कुओं का जलस्तर मापा गया और जानकारी ऐप में दर्ज की गई।

दर्ज आंकड़ों के अनुसार हितग्राही नन्दकुमार के कुएं का जलस्तर 5.00 मीटर, हितग्राही अरुण मेहर का 1.60 मीटर तथा हितग्राही मन्नूलाल का 1.40 मीटर दर्ज किया गया। सभी आंकड़ों को जलदूत ऐप 2.60 में सुरक्षित रूप से अपलोड किया गया, जिससे आगामी पोस्ट-मानसून सर्वेक्षण में तुलना की जा सकेगी।

### भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन में उपयोगी साबित हो रहा जलदूत ऐप

**जलदूत ऐप जल संसाधनों की निगरानी का प्रभावी माध्यम**

सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जलदूत ऐप ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों की निगरानी का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इससे भूजल स्तर की वास्तविक स्थिति सामने आती है तथा जल संरक्षण योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में सहायता मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल स्रोत संरक्षण एवं पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। शासन की यह पहल तकनीक और जनभागीदारी के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है।



### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

# पर्यावरण दिवस, मोदी सरकार के 12 वर्ष और योग दिवस की तैयारियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी हेतु जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, पूर्व राज्यमंत्री सरला जैन, नगर निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बीथिका विश्वास, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल मौजूद थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में व्यापक पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि योग, पर्यावरण और विकास तीनों विषय आज देश के भविष्य से जुड़े हुए हैं तथा भाजपा कार्यकर्ता इन अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश साहू ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थी संपर्क अभियान, चौपाल, गोष्ठी, प्रदर्शनी, प्रेस वार्ता एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष त्रिलोक जैन ने किया। इस दौरान प्रदेश एवं जिले के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।

### आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था में शामिल : डॉ. किरण

जिला प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को भारत के नव निर्माण का कालखंड बताया। उन्होंने कहा कि इस अवधि में धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ किया गया, उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को सम्मानजनक जीवन मिला, प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के मकान प्राप्त हुए, आयुष्मान भारत योजना ने स्वास्थ्य सुरक्षा की नई व्यवस्था दी तथा जनधन योजना ने करोड़ों लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा। आगे कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# मुजगहन में विद्युत सबस्टेशन स्थापित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जनपद सदस्य ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत मुजगहन और आसपास के गांवों में लंबे समय से बनी बिजली समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र क्रमांक-15 के जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने ग्राम पंचायत मुजगहन में नया विद्युत सबस्टेशन स्थापित कराने के लिए विद्युत विभाग को आवश्यक अनुशंसा और पत्र जारी करने की मांग की है।

सामान्य सभा की बैठक में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मुजगहन, रत्नाबांधा, लोहरसी और पोटियाडीह क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दूर स्थित सबस्टेशन से की जाती है। इसके कारण ग्रामीणों को लगातार लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कमी से घरेलू उपकरण प्रभावित हो रहे हैं, वहीं किसानों को सिंचाई कार्य में भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### जनता हो रही परेशान

श्री मीनपाल ने कहा कि क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है तथा कृषि और व्यावसायिक गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। इसके बावजूद पर्याप्त विद्युत व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों, किसानों और छोटे व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नया सबस्टेशन स्थापित होने से क्षेत्र को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। मांग पत्र में परियोजना के लिए शासकीय अथवा पंचायत भूमि के चिन्हांकन तथा प्रशासनिक समन्वय की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया गया है। जनपद सदस्य ने जनहित को देखते हुए इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# संबलपुर स्कूल में छात्र ले रहे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 9 मई से 8 जून तक किया गया है जिसके अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर धमतरी को भी खेल प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र में मार्शल आर्ट ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों का भी प्रशिक्षण संस्था के खेल शिक्षक ओंकारलाल पटेल द्वारा दिया जा रहा है। टिकेंद्र पटेल, निहाल सिन्हा, कुशल, आकांक्षा, अंशिका, देवांशी पटेल, निवेदिता, भोजराज पटेल, हर्षित बया, रुद्र रामटेके, खिलेंद्र साहू सहित कुल 50 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों के खेल कौशल विकास हेतु इस संस्था को 60,000 रुपये की खेल सामग्री प्रदान की गई है। निरीक्षण दल अधिकारी प्रभारी डीएसओ जेपीदेव खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी, डीएसओ शकीला देवदास शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

# आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने की मांग

- केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री (अनुसूचित जनजाति मामले) दुर्गा दास उइके से न्यू सर्किट हाउस रायपुर में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और लंबित मांगों पर मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव पवन नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. ध्रुव, गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव कमलेश मंडावी, प्रदेश संयुक्त सचिव एस.पी. ध्रुव, आदिवासी समन्वय मंच भारत के डमरूधर मांझी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आय सीमा समाप्त करने तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।

बैकलॉग पदों पर भर्ती और स्थानांतरण आदेश निरस्त करने की मांग संघ ने आदिवासी बाहुल्य जिलों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय योग्य युवाओं की भर्ती, विभिन्न विभागों में रिक्त बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती अभियान चलाकर भरने तथा संविदा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था के स्थान पर नियमित नियुक्तियां करने की मांग की। साथ ही कबीरधाम जिले के 10 आदिवासी गोंड समाज के शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश को नियम विरुद्ध बताते हुए निरस्त करने की मांग भी रखी गई। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सिस्टर ट्यूटर लक्ष्मी साहू नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार नियुक्त

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले की सिस्टर ट्यूटर श्रीमती लक्ष्मी साहू को छग नर्सिंग काउंसिल का रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों सहित संघ के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीमती लक्ष्मी साहू का नर्सिंग एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में लंबा अनुभव, कार्यकुशलता तथा समर्पित सेवाएं इस महत्वपूर्ण दायित्व के निर्वहन में निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होंगी। उनकी नियुक्ति से नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के विकास को नई दिशा मिलेगी।



# फाइनल में बिलासपुर को हरा रायपुर ब्लू बना चैंपियन

- पीजी कॉलेज स्टेडियम में स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति में अंडर-16 एलीट ग्रुप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 4 दिवसीय स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति अंडर-16 एलीट ग्रुप का फाइनल मैच रायपुर ब्लू ने बिलासपुर को हराकर जीता।

मैच में बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रायपुर ब्लू को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रायपुर ब्लू की टीम ने सधी हुई शुरुआत करते हुए 143 ओवरों में 10 विकेट खोकर 407 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 407 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम रायपुर ब्लू की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 108.5 ओवर में महज 206 रनों पर ऑलआउट हो गई। विजेता टीम रायपुर ब्लू को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सहसचिव अजय तिवारी ने विनर कप प्रदान किया। वहीं उपविजेता बिलासपुर की टीम को धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर ने रनर कप सौंपकर पुरस्कृत किया। सकुश गुप्ता सहसचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ द्वारा विगत 6 वर्षों से पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम का रख-रखाव व संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मई माह की भीषण गर्मी में भी स्टेडियम की हरी-भरी घासयुक्त आउटफील्ड और बेहतरीन पिच की ऑब्जर्वर, अंपायर्स और दोनों टीमों के कोच ने जमकर प्रशंसा की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 10,000 प्रति माह
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 8 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी
मो. 9826114710, 9098324969